प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

आज़ादी का अमृत महोत्सव

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

7 दिसंबर 2022

भारतीय रिज़र्व बैंक ने बाज़ार कारोबार का समय बढ़ाया

परिचालन संबंधी अव्यवस्थाओं और कोविड-19 द्वारा उत्पन्न स्वास्थ्य जोखिमों के ऊंचे स्तर के मद्देनज़र 7 अप्रैल 2020 से भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित विभिन्न बाज़ारों के लिए कारोबार समय को संशोधित किया गया था। महामारी से संबंधित बाधाओं के कम होने के साथ 9 नवंबर 2020 से बाज़ार के कारोबार समय की बहाली को चरणबद्ध तरीके शुरू किया गया था, और 18 अप्रैल 2022 से विनियमित बाज़ार के कारोबार समय के खुलने का समय महामारी पूर्व समय, पूर्वाह्न 9:00 बजे बहाल कर दिया गया था।

अब यह निर्णय लिया गया है कि मुद्रा बाज़ार के कॉरपोरेट बॉण्ड क्षेत्र में मांग/ सूचना/ मियादी मुद्रा, वाणिज्यिक पत्र, जमाराशि प्रमाणपत्र और रेपो के साथ-साथ रुपये की ब्याज दर डेरिवेटिव के लिए बाज़ार का कारोबार समय बहाल किया जाए। तदनुसार, 12 दिसंबर 2022 से भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित बाजारों के लिए संशोधित कारोबार समय निम्नानुसार होगा:

बाज़ार	**वर्तमान समय**	**12 दिसंबर 2022 से प्रभावी समय**
मांग/ सूचना/ मियादी मुद्रा	पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 3:30 बजे	पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे
सरकारी प्रतिभूतियों में बाज़ार रेपो	पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 2:30 बजे	पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 2:30 बजे
सरकारी प्रतिभूतियों में त्रि-पक्षीय रेपो	पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे	पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे
वाणिज्यिक पत्र और जमा प्रमाणपत्र	पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 3:30 बजे	पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे
कॉरपोरेट बॉण्ड में रेपो	पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 3:30 बजे	पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे
सरकारी प्रतिभूतियां (केंद्र सरकार की प्रतिभूतियां, राज्य विकास ऋण और खजाना बिल)	पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 3:30 बजे	पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 3:30 बजे
विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव सहित विदेशी मुद्रा (एफ़सीवाई)/भारतीय रुपया (आईएनआर) व्यापार*	पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 3:30 बजे	पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 3:30 बजे

रुपया ब्याज दर डेरिवेटिव*	पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 3:30 बजे	पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे
* मान्यता प्राप्त प्रतिभूति विनिमयों में किए गए कारोबार के अलावा		

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/1324